1. भारत में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जाँच के लिए गठित समिति के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) श्री विजयपाल सिंह तोमर (B) श्री बाबूराम निषाद
(C) श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी (D) श्री रामनाथ कोविंद
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

2. राजस्थान की अर्जुन पुरस्कार 2023 की विजेता, दिव्यकृति सिंह, निम्न में से किस से संबंधित है?
(A) घुड़सवारी क्रॉस कन्ट्री (B) घुड़सवारी हन्टर ट्रेल्ज़
(C) घुड़सवारी शो जम्पिंग (D) घुड़सवारी ड्रेसाज
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

3. विश्व की पहली क्लोन भैंस का जन्म किस देश में हुआ था?
(A) चीन (B) यु एस ए
(C) रुस (D) भारत
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

4. जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाए, वह कहलाता है-
(A) विशेष्य (B) क्रियाविशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण (D) विशेषण
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

5. निम्नलिखित में 'अ' प्रत्यययुक्त शब्द कौन-सा है?
(A) कर्तव्य (B) उठान
(C) भार (D) खिंचाव
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

6. 'आज लड़कों ने सूर्यग्रहण का रहस्य जान लिया है।' इस वाक्य में अव्यय है-
(A) आज (B) सूर्यग्रहण
(C) है (D) रहस्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

7. निम्नलिखित में 'सकर्मक' क्रिया युक्त वाक्य कौन सा है?
(A) वह लजा रही है। (B) मैं घड़ा भरता हूँ।
(C) उसका सिर खुजलाता है। (D) जी घबराता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

8. $[\log_{100}(5\log_{10}100)]^3$ का मान है
(A) 1 (B) $\frac{1}{2}$
(C) $\frac{1}{10}$ (D) $\frac{1}{8}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

9. यदि $23^0 = \frac{a}{b}$ तब $\sec 23^0 - \sin 67^0$ बराबर है
(A) $\frac{a^2}{b^2+a^2}$ (B) $\frac{a}{b\sqrt{b^2-a^2}}$
(C) $\frac{a^2}{b\sqrt{b^2-a^2}}$ (D) $\frac{a}{b^2-a^2}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

10. एक ठोस धात्विक बेलन, जिसकी त्रिज्या एवं ऊँचाई एक दूसरे के समान हैं, को पिघला कर उसकी तरल धातु से 162 समान ठोस गेंद तैयार करने हैं। गेंद की त्रिज्या एवं सिलेंडर की त्रिज्या का अनुपात क्या है?
(A) 1:5 (B) 1:6
(C) 1:8 (D) 1:4
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

11. निम्नलिखित में से कौन पॉवर पॉइंट की शार्टकट की (key) है जो प्रारम्भ से स्लाइड प्रेजेंट करने में मदद करती है?
(A) F7 (B) F5
(C) F4 (D) F1
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (दशमलव मूल्य ) | सूची-II (द्विचर मूल्य) |
|---|---|
| a. 4 | I. 1000 |
| b. 5 | II. 1001 |
| c. 9 | III. 0101 |
| d. 8 | IV. 0100 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-III, b-IV, c-II, d-I
(C) a-II, b-III, c-IV, d-I
(D) a-IV, b-II, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

13. "यू एस बी" का पूर्ण रुप __________ ?
(A) यूनिवर्सल सीरिज बस
(B) यूनिवर्सल सीक्वेंशियल बस
(C) यूनिफार्म सीरिज बस
(D) यूनिवर्सल सीरियल बस
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

14. एकलसंकर संकरण की F2 पीढ़ी में कितने प्रकार के जीनप्ररुप निर्मित होते हैं?
(A) 4 (B) 3
(C) 2 (D) 9
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

15. किस कोयले में अधिकतम मात्रा में कार्बन पाया जाता है?
(A) पीट (B) बिटूमिनस
(C) एन्थ्रेसाइट (D) लिग्नाइट
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

16. राजस्थान में उप-उष्णकटिबंधीय पहाड़ी वन में पाए जाने वाले वृक्षों का चयन कीजिये
(A) कैर, थोर, फाग (B) आम, नीम
(C) धोकरा, पलाश (D) खेजड़ी, बेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

17. निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान का राज्य पुष्प है और एक इमारती लकड़ी प्रदान करने वाला वृक्ष भी है?
(A) सनई (B) रोहिड़ा
(C) शीशम (D) खेजड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**18. 'उठा न रखना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
(A) चैन मिलना (B) बुरी तरह मारना
(C) बाधा दूर होना (D) कोई कसर न रखना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**19. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है-**
a. अथिति b. ईर्ष्या
c. आशीर्वाद d. सामर्थ्य
e. स्वस्थ्य
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) b, c, d (B) c, d, e
(C) b, d, e (D) a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**20. निम्नलिखित में 'Corrigendum' के लिए उपयुक्त हिन्दी शब्द है-**
(A) परिपत्र (B) अनुबंध
(C) सूचना (D) शुद्धिपत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**21. निम्नलिखित में कौन एक सरकारी पत्र है-**
(A) निमंत्रण पत्र (B) ज्ञापन
(C) परिचय पत्र (D) शोक पत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**22. जब सूर्य का उन्नतांश (एल्टीट्यूड) 45° से 30° बदलता है तब खंभे की छाया 80 मीटर तक बड़ी हो जाती है, खंबे की ऊँचाई है:**
(A) $30(\sqrt{3}+1)$ m (मी.) (B) $40(\sqrt{3}+1)$ m (मी.)
(C) $80(\sqrt{3}+1)$ m (मी.) (D) $40(\sqrt{3}-1)$ m (मी.)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**23. एक धनराशि P, Q, R, S के मध्य 6:2:5:3 के अनुपात में वितरित की जाती है। यदि R को S से ₹ 2000 अधिक मिलते हैं तो Q का हिस्सा कितना है?**
(A) ₹ 2,000 (B) ₹2,500
(C) ₹3,000 (D) ₹ 1,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**24. बाँस का जंगल (Bamboo forest) राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में पाया जाता है? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) बीकानेर (B) चुरु
(C) जैसलमेर (D) बांसवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**25. चूलिया जलप्रपात राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अवस्थित है? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) अरावली क्षेत्र (B) दक्षिण पूर्वी पठारी क्षेत्र
(C) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदानी क्षेत्र
(D) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**26. भारत के कुल भूभाग का कितना प्रतिशत भाग राजस्थान में है? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) 13.3% (B) 10.4%
(C) 12.4% (D) 7.3%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**27. मांगीलाल मिस्त्री का संबंध किस कला से है?**
(A) कावड़ (B) पुंगी
(C) रावन हत्था (E) अनुत्तरित प्रश्न
(D) शहनाई **[A]**

**28. वर्तमान राजस्थान राज्य के गठन के प्रथम चरण में मत्स्य संघ का मंत्रिमंडल किसके नेतृत्व में गठित किया गया था?**
(A) श्री अलवर सिंह (B) श्री पीरु सिंह
(C) श्री मांगे राम (D) श्री शोभा राम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**29. ________ जिसे पहले मारु कहा जाता था, फिर मरुवारा और बाद में मारवाड़ कहा जाने लगा:- निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) जोधपुर (B) भरतपुर
(C) धौलपुर (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**30. एक घन (क्यूब) में सभी तरफ से हरा रंग लगा दिया जाता है और तब इसे समान आकार के 64 छोटे-छोटे घनों (क्यूबों) में काटा जाता है। ऐसे कितने घन (क्यूब) होंगे जिनकी एक तरफ ही रंगीन होगी?**
(A) 22 (B) 24
(C) 26 (D) 20
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**31. घड़ी में 7 और 8 बजे के मध्य उसकी सुईयाँ किस समय पर एक ही सरल रेखा में रहेंगी लेकिन एक साथ नहीं होंगी?**
(A) 7 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट में
(B) 7 बजकर 20 मिनट में
(C) 7 बजकर $7\frac{3}{10}$ मिनट में
(D) 7 बजकर 5 मिनट में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**32. 'उच्चारण' शब्द का सन्धि विच्छेद है-**
(A) उच्च: + रण
(B) उत् + चारण
(C) उच + चरण
(D) उच्चा + रण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**33. राजस्थान मानवाधिकार आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन थी?**
(A) कांता भटनागर (B) प्रतिभा पाटिल
(C) शांता कुमारी (D) कमला बेनीवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**34. राजस्थान प्रशासन प्रणाली (सिस्टम) के उच्चतम स्तर पर कार्यरत निकाय है :**
**निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें -**
(A) सरकारी सचिवालय (B) राज्यपाल कार्यालय
(C) मुख्यमंत्री कार्यालय (D) मंत्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**35. राजस्थान के मुख्य सचिव (05 सितम्बर 2024 को) कौन थे?**
(A) जगदीश मीणा (B) सुभाष चन्द
(C) सुधांश पंत (D) सतीश कुमार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**36. पौर्पनैकोट्टई, संगम युग स्थूल, किस राज्य में स्थित है?**
(A) केरल (B) अरुणाचल प्रदेश
(C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**37. अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामांकित होने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी कौन हैं?**
(A) रोहन बोपन्ना (B) लिएंडर पेस
(C) महेश भूपति (D) युकी भाम्बरी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**38. किस भारतीय को 'ग्रीन ऑस्कर', व्हीटली गोल्ड पुरस्कार 2024 प्राप्त हुआ?**
(A) ऐलिस गर्ग (B) पूर्णिमा देवी बर्मन
(C) तुलसी गौड़ा (D) अमृता देवी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**39. निम्नलिखित में से राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव कौन थे?**
(A) श्री अपूर्व चन्द्रा (B) श्री के. राधाकृष्णन
(C) श्री राजेश भूषण (D) श्री वी. नारायण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**40. मुस्लिम लीग द्वारा 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' कब मनाया गया?**
(A) 16 अगस्त, 1946
(B) 16 अगस्त, 1947
(C) 20 अगस्त, 1947
(D) 15 अगस्त, 1945
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**41. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान में सर्वाधिक किस श्रेणी के खाते रहे।**
(A) शिशु (B) तरुण
(C) व्यस्क (D) किशोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**42. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन सा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण 'ईसबगोल' उत्पादक क्षेत्र है?**
(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) कोटा (D) बाड़मेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**43. गणेश्वर की खुदाई के संदर्भ में सबसे असत्य कथन का चयन करें-**
(A) गणेश्वर, नीम का थाना में कंतली नदी के स्रोत पर खोजी गई
(B) गणेश्वर में राजस्थान सुयुतत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा की गई खुदाई में लगभग 5000 वर्ष पुरानी संस्कृति प्रकाश में आई।
(C) यहाँ हड़प्पा से तांबा प्राप्ति किया जाता था।
(D) गणेश्वर तांबे की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण स्थल है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**44. कालीबंगा राजस्थान के किस स्थान पर स्थित है?**
(A) सीकर (B) हनुमानगढ़
(C) श्री गंगानगर (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**45 राणा रतन सिंह की मृत्यु के पश्चात् मेवाड़ का शासक कौन बना?**
(A) महाराणा राज सिंह (B) राणा विक्रमादित्य
(C) राणा अमर सिंह (D) महाराणा प्रताप
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**46. भारत के सबसे बड़े सोलर पार्क का नाम बताएं जो कि राजस्थान में स्थित है?**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) पावागढ़ सोलर पार्क (B) भड़ला सोलर पार्क
(C) मंदसौर सोलर पार्क (D) चरंका सोलर पार्क
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**47. राजस्थान लघु उद्योग निगम की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
(A) 1951 (B) 1961
(C) 1967 (D) 1947
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**48. निम्नलिखित में से किस परियोजना से राजस्थान के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है?**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) जवाहर सागर बांध परियोजना
(B) वीर सागर बांध परियोजना
(C) माही बजाज सागर बांध परियोजना
(D) भाखड़ा नांगल बांध परियोजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**49. 'बोरला' नामक आभूषण महिलाएँ कहाँ पहनती हैं?**
(A) नाक (B) हाथ
(C) सिर (D) कान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**50. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में साक्षरता दर दर सबसे अधिक है?**
(A) कोटा (B) चुरु
(C) जयपुर (D) बीकानेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

51. **नीचे लेटेराइट मिट्टी के बारे में दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन - 1 :** लेटेराइट मिट्टी डूंगरपुर, उदयपुर के मध्य और दक्षिणी भाग और राजसमंद क्षेत्रों में पाई जाती है। 5732
**कथन - II :** लोहे (आयरन) की उपस्थिति के कारण यह लाल दिखती है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें
(A) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(B) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है ।
(C) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(D) कथन I और दोनों सत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

52. **निम्नलिखित में से कौन सा पर्वत शिखर भारत में स्थित है?**
(A) माउन्ट धौलागिरि (B) माउन्ट अन्नपूर्णा
(C) माउन्ट कॉमेट (D) माउन्ट एवरेस्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

53. **टॉर, ब्लॉक पर्वत, भ्रंश घाटियाँ, नग्न चट्टानी संरचनाएँ भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की भूआकृति विशेषताएँ हैं?**
(A) भारतीय द्वीप समूह
(B) भारत का प्रायद्वीपीय पठार
(C) भारत के उत्तरी मैदान
(D) भारतीय मरुस्थल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

54. **निम्नलिखित में से किसे राजस्थान के राज्यपाल द्वारा नियुक्त नहीं किया जाता है?**
**निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
(B) राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति
(C) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(D) राज्य निर्वाचन आयुक्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

55. **भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 के तहत, राज्य लोक सेवा आयोग का कर्त्तव्य है कि वह प्रतिवर्ष आयोग द्वारा किए गये कार्य के बारे में किसे प्रतिवेदन प्रस्तुत करें?**
(A) राज्यपाल (B) विधानसभा
(C) राष्ट्रपति (D) मुख्यमंत्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

56. **Complete the sentence given by choosing the most appropriate word: A person who admires/loves himself/herself too much is a-**
(A) Narcisus (B) Novice
(C) Numismatist (D) Narcissist
(E) Question not attempted **[D]**

57. **Choose the word opposite in meaning to- SUSCEPTIBLE**
(A) immune (B) predictable
(C) unpredictable (D) incredible
(E) Question not attempted **[A]**

58. **Choose the word similar in meaning to the underlined word:**
**It is exasperating to listen to the suggestions of my neighbour about international affairs of which he knows nothing.**
(A) amusing (B) boring
(C) frustrating (D) disappointing
(E) Question not attempted **[C]**

59. **Choose the most appropriate option to complete the sentence:**
**The language of a circular is:**
(A) emotional (B) objective
(C) round about (D) vague
(E) Question not attempted **[B]**

60. **Choose the most appropriate word to complete the given sentence:**
**The City Centre Mall was crowded ________ tourists.**
(A) of (B) from
(C) with (D) by
(E) Question not attempted **[C]**

61. **राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस व्यक्ति ने किया?**
(A) जॉर्ज लिंकन गेरीसन (B) जॉर्ज विलियम
(C) जॉर्ज फ्रेंकलिन (D) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

62. **'कच्ची घोड़ी' नृत्य किस अवसर से संबंधित है? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) होली (B) तीज
(C) विवाह (D) नवरात्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

63. **संतों का जीवन वृत्तांत जो राजस्थानी भाषा में काव्य रुप में उपलब्ध है, कहलाता है ________**
(A) वात (B) वचनिका
(C) दावावैत (D) परची
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

64. **राजस्थान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में किस क्षेत्र को अधिकतम आवंटन दिया गया है?**
(A) पॉवर 08 (B) कृषि एवं ग्रामीण विकास
(C) सामाजिक और सामुदायिक सेवा
(D) उद्योग (E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**65. मनरेगा के तहत श्रमिकों को उनके काम के लिए मजदूरी पाने की न्यूनतम समय सीमा क्या है-**
(A) पन्द्रह दिन (B) तीन सप्ताह
(C) एक महीना (D) एक सप्ताह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**66. भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?**
(A) 23 अगस्त (B) 25 अगस्त
(C) 29 अगस्त (D) 21 अगस्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**67. निम्नलिखित में से कौन 'वाइ भारत मैटर्स' नामक पुस्तक के लेखक हैं?**
(A) एस. जयशंकर (B) निर्मला सीतारमण
(C) अमित शाह (D) राजनाथ सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**68. वैज्ञानिक जिन्होंने रक्त को विभिन्न रुधिर वर्गों में वर्गीकृत किया था, वह हैं-**
(A) जीन – बेप्टिस्टे (B) कार्ल लेन्डस्टोनर
(C) एडमन्ड किंग (D) रिचर्ड लोअर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**69. ________ रुधिर वर्ग वाला व्यक्ति सभी से रक्त ग्रहण कर सकता है, जबकि ________ रुधिर वर्ग वाला व्यक्ति सभी को रक्त दे सकता है।**
(A) क्रमशः 0- ; AB + (B) क्रमशः AB+ ; 0-
(C) क्रमशः AB + ; 0+ (D) क्रमशः O+ ; AB +
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**70. एक डीलर किसी वस्तु पर लगातार 50%, 10% और 20% की तीन छूट देता है। एकल प्रभावी छूट दर कितनी है?**
(A) 64% (B) 69%
(C) 72% (D) 60%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**71. उस अतिपरवलय का समीकरण क्या है जिसके नाभिलम्ब की लम्बाई 8 तथा $\frac{3}{\sqrt{5}}$ उत्केन्द्रता है?**
(A) $\frac{x^2}{20} - \frac{y^2}{25} = 1$ (B) $\frac{x^2}{16} - \frac{y^2}{25} = 1$
(C) $\frac{x^2}{25} - \frac{y^2}{16} = 1$ (D) $\frac{x^2}{25} - \frac{y^2}{20} = 1$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**72. दूर की वस्तु से आने वाला प्रकाश नेत्र लेंस से अपवर्तन के बाद यदि रेटिना के सामने एक बिंदु पर अभिसारित होता है तो इस प्रकार के नेत्र दोष को कहा जाता है :**
(A) हाइपरमेट्रोपिया या दूर दृष्टिदोष
(B) जरादूरदर्शिता
(C) अबिंदुकता
(D) मायोपिया या निकट दृष्टिदोष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**73. एक वस्तु को 15 सेमी वक्रता त्रिज्या वाले अवतल दर्पण के सामने 30 सेमी दूरी पर रखा जाता है तो बनने वाला प्रतिबिंब होगा :**
(A) छोटा, वास्तविक और उल्टा
(B) आवर्धित (बड़ा), आभासी और सीधा
(C) वस्तु के बराबर, वास्तविक और उल्टा
(D) आवर्धित (बड़ा), वास्तविक और उल्टा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**74. भारत की पहली सौर वेधशाला ने सूर्य-पृथ्वी के गंतव्य बिंदु LI की यात्रा कब आरंभ की थी?**
(A) सितंबर 02, 2023 (B) नवंबर 07, 2023
(D) जनवरी 25, 2024 (C) दिसंबर 01, 2023
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**75. निम्नलिखित में 'प्रज्ञ' का विलोम शब्द है-**
(A) अज्ञ (B) ज्ञानी
(C) बुद्धिमान (D) अति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**76. अनेकार्थक शब्द 'अंक' का निम्नलिखित में कौन-सा एक अर्थ नहीं है?**
(A) किरण (B) भाग्य
(C) अध्याय (D) संख्या
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**77. कुछ धातुएं जल में डूब जाती हैं, क्योंकि :-**
(A) उनका घनत्व जल से कम होता है
(B) उनका पृष्ठीय क्षेत्रफल जल से कम होता है
(C) उनका द्रव्यमान जल से अधिक होता है
(D) उनका घनत्व जल से अधिक होता है
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**78. पीतल एक मिश्रित धातु है :-**
(A) कॉपर और टिन की (B) टिन और लेड की
(C) लोहा और निकेल की (D) कॉपर और जिंक की
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**79. जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निपटान की उपयुक्त तकनीक है:-**
(A) जलाए जाना (B) लैंडफिल
(C) पुनर्चक्रण (D) पानी में निपटान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**80. माइक्रोसाफ्ट वर्ड में निम्नलिखित में से कौन चालू दस्तावेज के बारे में जानकारी प्रदान करता है?**
(A) टेब स्टॉप (B) स्टेटस बार
(C) व्यू बटन्स (D) स्टेंडर्ड टूलबार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**81. निम्नलिखित में से कौन एक्सेल का फंक्शन नहीं है?**
(A) एमआइएन () (B) एमएएक्स ()
(C) सबट्रेक्ट () (D) काउंट ()
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

82. **1 ZB (Zettabyte) बराबर है:**
(A) 1024 ZB
(B) 1024 KB
(C) 1024 GB
(D) 1024 EB
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

83. **'अनुज' में निहित उपसर्ग है-**
(A) उज (B) अ
(C) अनु (D) ज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

84. **निम्नलिखित वाक्यों में अशुद्ध वाक्या है-**
(A) वह नीरोग हो गया।
(B) आप यहाँ बैठो।
(C) बच्चा माँ के बगल में बैठा
(D) आपका पत्र मिला।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

85. **Choose the most appropriate English translation of the given sentence**
**उसका अपमान किसने किया है?**
(A) What has he been insulted by?
(B) He is insulted by whom?
(C) Has he been insulted?
(D) Who has insulted him?
(E) Question not attempted go **[D]**

86. **Choose the most appropriate reported form of the given sentence:**
**"Do you realize that the shoes you are wearing aren't a pair?", I asked.**
(A) I told him that his shoes aren't a pair.
(B) I asked him if he realize that his shoes were not a pair.
(C) I asked him if he realized that the shoes he was wearing weren't a pair.
(D) I asked that was he aware that his shoes aren't a pair?
(E) Question not attempted **[C]**

87. **Choose the most appropriate option to fill in the blank:**
**"Is dad in?"**
**"No, he isn't. He ________ home an hour ago. He __________ yet."**
(A) Left, has not returned
(B) Leaves, didn't return
(C) Will have, has not returned
(D) Leave, not returned
(E) Question not attempted **[A]**

88. **Choose the most appropriate option to fill in the blank:**
**By tomorrow afternoon, the plane carrying medicines for war victims ________ off for Ukraine.**
(A) will be taking
(B) will have taken
(C) takes
(D) will take
(E) Question not attempted **[B]**

89. **'विषम' शब्द का सन्धि - विच्छेद है-**
(A) वि + षम (B) विष + म
(C) विः + षम (D) वि + सम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

90. **'अमित-अमीत' शब्द युग्म का संगत अर्थ निम्न में से है-**
(A) पर्वत - सागर
(B) लोहा - काला
(C) निपुण - अतिशय
(D) अत्यधिक - शत्रु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

91. **4 फरवरी 2009 से 18 अप्रैल 2009 तक की अवधि के लिए ₹ 4,000 पर $6\frac{1}{4}$ प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।**
(A) ₹ 75.50 (B) ₹ 50.00
(C) ₹ 90.00 (D) ₹ 37.50
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**


92. **किसी कोड भाषा में 'life is good' को 'ti ve su' 'enjoy life' को 'fs ti' 'character should be good' को 'nx, nu, bs su' कोड किया जाता है। उसी दी गई कोड भाषा में 'is' के लिए क्या कोड है?**
(A) ve (B) su
(C) nu (D) ti
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

93. **P, Q, R, S, T, K और M सभी उत्तर दिशा की ओर मुख करके सीधी लाइन में बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं है कि इसी किसी क्रम से बैठे हो। K एवं R के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। P एवं S के मध्य में T बैठा है। T और M के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P के बगल में बांयी ओर K बैठा है और P लाइन के बीच में बैठा है। निम्नलिखित में से कौन से दो व्यक्ति बिल्कुल किनारों पर बैठे हैं?**
(A) S, T (B) K, M
(C) T, M (D) R, Q
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

94. **कमल के पास 200 टॉफी थी। उसने 5% टॉफी राम को, 15% टॉफी अमन को और कुल टॉफी का $\frac{1}{4}$वाँ भाग गोपाल को दिया। इन्हें बांटने के बाद कमल के पास कितनी टॉफी बचेगी?**
(A) 110 (B) 120
(C) 130 (D) 100
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

95. अमन कोई कार्य करने में भानु से 5 दिन और पंकज से 9 दिन अधिक समय लेता है। अमन और भानु मिलकर उस कार्य को करने में पंकज के समान समय लेते हैं। इस कार्य को पूरा करने में अकेले अमन कितने दिन का समय लेगा?
(A) 15 (B) 20
(C) 25 (D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

96. नीचे दी गई आकृति में PQ, RS के समांतर है, ∠PQM=80° और ∠SMO=25° तो ∠OSM का मान क्या है?




(A) 60° (B) 55°
(C) 65° (D) 50°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

97. यदि दिए गए कथनों को सत्य माना जाए, जबकि उनमें सामान्य जानकारी के आधार पर भिन्नता प्रतीत होती हो, तो निष्कर्षों का अध्ययन करें और तब निर्णय ले कि कौन सा दिया गया निष्कर्ष समुचित रुप से प्रदत्त कथनों का पालन करता है।
कथन: कोई गायक निर्देशक नहीं है।
कुछ निर्देशक अध्यापक हैं।
कुछ अध्यापक छात्र हैं।
निष्कर्ष: (I) कुछ गायक छात्र हैं।
(II) कुछ निर्देशक छात्र हैं।
(A) केवल निष्कर्ष II सही है
(B) न तो निष्कर्ष I अथवा II सही हैं
(C) दोनों निष्कर्ष I एवं II सही हैं
(D) केवल निष्कर्ष I सही है
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

98. निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
16, 33, 98, 197, 590, ?
(A) 1081 (B) 1181
(C) 1281 (D) 981
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

99. कविता, सीमा की सास है जो अशोक की भाभी है। अजय, विनोद के पिता और अशोक के इकलौते भाई हैं। सीमा अजय की पत्नी है। कविता अशोक से किस प्रकार संबंधित है?
(A) बहन (B) सास
(C) पत्नी (D) माँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

100. यदि उत्तर-पूर्व पश्चिम बन जाता है, दक्षिण-पूर्व उत्तर बन जाता है और इसी प्रकार क्रम बदलता जाता है तो पूर्व क्या बन जाएगा?
(A) दक्षिण - पूर्व (B) उत्तर
(C) दक्षिण (D) उत्तर - पश्चिम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

101. भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद राज्य के मुख्यमंत्री के कर्तव्यों का वर्णन करता है?
(A) अनुच्छेद 167 (B) अनुच्छेद 164
(C) अनुच्छेद 165 (D) अनुच्छेद 162
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

102. पंचायती राज पर अशोक मेहता समिति की सिफारिशों के बारे में असत्य कथन का चयन करें:
(A) यदि पंचायती संस्थाओं का अधिक्रमण किया जाता है, तो एक वर्ष के भीतर चुनाव कराया जाना चाहिए।
(B) एस सी और एस टी के लिए सीटों का आरक्षण उनकी जनसंख्या के आधार पर
(C) पंचायती राज मामलों में राजनीतिक दलों की प्रत्येक स्तर पर भागीदारी
(D) त्रिस्तरीय पंचायती राज के स्थान पर द्विस्तरीय व्यवस्था लाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

103. निम्नलिखित में से किस संविधान से भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को शामिल किया गया है?
(A) कनाडा का संविधान (B) आयरलैंड का संविधान
(C) यू एस का संविधान (D) ब्रिटिश संविधान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

104. रोजवुड, महोगोनी और एबनी प्रजाति के पेड़ निम्नलिखित में से किस वन क्षेत्र में पाए जाते हैं? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।
(A) उष्णकटिबंधीय कांटेदार (B) पर्वतीय
(C) तटीय और दलदली (D) उष्णकटिबंधीय सदाबहार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

105. गाँधी सागर बाँध निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाया गया है?
(A) साबरमती (B) चम्बल
(C) मानस (D) नर्मदा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

106. अमरकंटक पर्वत श्रेणी से निकलने वाली नदियाँ सभी दिशाओं में बहती हैं जो निम्नलिखित में से किस प्रकार के जल अपवाह तंत्र प्रतिरुप का उदाहरण है?
(A) अभिकेंद्री (B) द्रुमाकृतिक
(C) अरीय (D) जालीनुमा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**Read the passage and answer the questions that follow by choosing the correct option. (Q. 107 to 111)**

Experts in climatology and other scientists are becoming extremely concerned about the changes to our climate which are taking place. Admittedly, climate changes have occurred on our planet before. For example, there have been several ice ages of glacial periods.

These climatic changes, however, were different from the modern ones in that they occurred gradually and, as far as we know, naturally The changes currently being monitored are said to be the result not of natural causes, but of human activity. Furthermore, the rate of change is becoming alarmingly rapid.

The major problem is that the planet appears to be warming up. According to some experts, this warming process, known as global warming, is occurring at a rate unprecedented in the last 10,000 years. The implications for the planet are very serious Rising global temperatures could give rise to such ecological disasters as extremely high increase in the incidence of flooding and of droughts. These in turn could have a harmful effect on agriculture.

It is thought that this anusual warming of the Earth has been caused by so-called greenhouse gases, such as carbon dioxide, being emitted into the atmosphere by car engines and modern industrial processes, for example. Such gases not only add to the pollution of the atmosphere, but also create a greenhouse effect, by which the heat of the sun is trapped. This leads to the warming up of the planet.

Politicians are also concerned about climate change and there are now regular summits on the subject, attended by representatives from around 180 of the world's industrialized countries. Of these summits, the most important one took place in Kyoto in Japan in 1997. There it was agreed that the most industrialized countries would try to reduce the volume of greenhouse gas emissions and were given targets for this reduction of emissions.

It was also suggested that more forests should be planted to create so-called sinks to absorb greenhouse gases. At least part of the problem of rapid climate change has been caused by too drastic deforestation. Sadly, the targets are not being met. Even more sadly, global warming about climate changes are often still being regarded as scaremongering.

**107. Identify the correct statements**

a. The ice ages or glacial periods are examples of climate changes in the modern times.

b. In the past, climate changes occurred gradually and naturally.

c. Rising global tempratures can cause more flooding and droughts.

d. Greenhouse gases are given out by plants.

e. The climate changes today are dissimilar to those of the past. e of the past.

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) a, b and conly. (B) b, a and donly.
(C) c, d andre only. (D) b, c and e only.
(E) Question not attempted **[D]**

**108. The greenhouse effect is caused when**

(A) The roof is covered with green plants to keep the building cool
(B) The gases like carbon-dioxide trap the heat of the sun in the air
(C) The green coloured glass or mesh is used to cover the plants
(D) The green trees form a canopy in the forest
(E) Question not attempted **[B]**

**109. Which of the following were not suggested at the Kyoto summit?**

a. Most industrialized countries would reduce emissions.

b. More forests should be cut to create the so called sinks.

C. The automobile industry should roll out electric vehicles.

d. Targets were set to reduce the volume of greenhouse gas emissions.
e. the rate of industrialization should be contained.

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) b, c and d only. (B) c, d and e only.
(C) b, c and e only. (D) a, b and c only.
(E) Question not attempted **[C]**

**110. The implications of an unprecedented rate of ________ are very serious.**

(A) Global warming (B) Ecological disaster
(C) Kyoto summit (D) Flooding & draughts
(E) Question not attempted **[A]**

**111. Match List-I with List-II**

| List-I (Words) | List-II (Meaning) |
|---|---|
| a. Unprecedented | I. Forests land, which absorbs carbon-dioxide from the air |
| b. Implications | II. That which has never happened before |
| c. Sinks | III. The deliberate spreading of frightening rumours |
| d. Scare mongering | IV. Something that is suggested |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-III, b-IV, c-II, d-I
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) Question not attempted **[A]**

**112. राजस्थान का कौनसा शहर परिधानों के शहर (सिटी ऑफ गारमेंट्स) के नाम से जाना जाता है?**

(A) बीकानेर (B) जयपुर
(C) कोटा (D) भीलवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**113. राजस्थान में पंचायती राज सिस्टम के तहत एक वर्ष में आयोजित होने वाली ग्राम सभा की बैठकों की न्यूनतम संख्या कितनी है? निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**

(A) 3 (B) 2
(C) 1 (D) 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**114. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (समस्त पद) | सूची-II (समास) |
|---|---|
| a. अनुरूप | I. तत्पुरुष |
| b. निर्भय | II. द्वन्द्व |
| c. अमोघ | III. बहुव्रीहि |
| d. धनुर्बाण | IV. अव्ययीभाव |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**

(A) a-III, b-I, c-II, d-IV
(B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-III, c-I, d-II
(D) a-I, b-IV, c-III, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**115. 'कौरव' शब्द में प्रत्यय है-**

(A) क (B) अ
(C) औ (D) व
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**116. निम्नलिखित में 'आग' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?**

(A) दृग (B) कृशानु
(C) अंशु (D) अवनि
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**117. कुछ लड़के एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख किए हुए खड़े हैं। कमल बांए छोर से 34वें पर जबकि रवि दाहिने छोर से 20वें पर और रवि, ईशान की दाहिनी तरफ 9 में स्थान पर खड़ा है। यदि कमल, ईशान के बांयी तरफ दूसरे स्थान पर खड़ा हो तो पंक्ति में लड़कों की कुल संख्या बताएं।**


(A) 62 (B) 64
(C) 66 (D) 60
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**118. :: के बांयी तरफ से युगल के मध्य कुछ संबंध होते हैं :: के दाहिनी तरफ पर वही संबंध स्थापित करें तत्पश्चात् पता लगाएं कि ? के स्थान पर कौनसा विकल्प आ सकता है?**

**LANGUAGE : PCRIYCKG :: COMPUTER : ?**

(A) GQRRYVIT (B) GQQRYVIT
(C) GQQRYSIT (D) GQMNYVIT
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**119. नीचे दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या बताएं:**



(A) 29 (B) 31
(C) 17 (D) 27
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**120. Choose the word similar in meaning to- TENACIOUS**

(A) modest (B) resolute
(C) malign (D) timid
(E) Question not attempted **[B]**

**121. निम्नलिखित में से कौनसा कम्प्यूटर का एक इनपुट डिवाइस नहीं है**
(A) इमेज स्कैनर (B) जॉयस्टिक
(C) मॉनिटर (D) ट्रेकबॉल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**122. डेटा को कम्प्यूटर सिस्टम के विभिन्न संघटकों के मध्य भौतिक तारों का उपयोग करके स्थानान्तरित किया जाता है उन्हें कहा जाता है:**
(A) फ्लोचार्ट (B) बस
(C) वेन (D) सीपीयू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**123. Choose the most appropriate word to complete the given sentence:**
**A teetotaller is one who abstains ________ alcohol.**
(A) with (B) from
(C) on (D) in
(E) Question not attempted **[A]**

**124. Choose the most appropriate Hindi word for the given word: REGULATION**
(A) दुरुत्साहन (B) विनियमन
(C) कटौती (D) अभिग्रहण
(E) Question not attempted **[B]**

**125. निम्न में से कौन-सा राजस्थान का प्रथम सुपर थर्मल पावर प्लांट है?**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।**
(A) जवाहर सागर पनबिजली पावर स्टेशन
(B) छाबड़ा थर्मल पावर प्लांट
(C) माही बजाज सागर हाइड्रो पावर प्लांट
(D) सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**126. क्षारीय माध्यम में, $KMnO_4$ का तुल्यांकी भार है-**
(A) $\frac{M}{5}$ (31.60) (B) $\frac{M}{6}$ (26.33)
(C) M (158.00) (D) $\frac{M}{3}$ (52.66)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**127. $CH_3COOC_2H_5 + H_2O \rightarrow CH_3COOH + C_2H_5OH$**
**ऊपर दी गई अभिक्रिया में कौनसा यौगिक "स्व उत्प्रेरक" की भाँति कार्य करता है?**
(A) $H_2O$ (B) $CH_3COOH$
(C) $C_2H_5OH$ (D) $CH_3COOC_2H_5$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**128. $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$**
**ऊपर दी अभिक्रिया में कौन ऑक्सीकृत हो रहा है?**
(A) $ZnSO_4$ (B) Cu
(C) $CuSO_4$ (D) Zn
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**129. प्राकृतिक रबड़ निम्नलिखित का बहुलक है :-**
(A) कैप्रोलैक्टम (B) निओप्रीन
(C) आइसोप्रीन (D) ब्यूना-एन (Buna-N)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**130. कार्बनिक यौगिकों को केवल जीवित जीवों से ही प्राप्त किया जा सकता है और इनको प्रयोगशाला में कृत्रिम विधियों द्वारा संश्लेषित नहीं किया जा सकता है। यह कहलाता है:-**
(A) वोलर सिद्धांत (B) जैव - शक्ति सिद्धांत
(C) हाइड्रोकार्बन सिद्धांत (D) फ्रियॉन सिद्धांत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**131. सूची-I को सूची -II से सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-I (वन्य क्षेत्र)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| a. सरिस्का | I. अलवर |
| b. दर्राह | II. कोटा |
| c. माउंट आबू | III. करौली |
| d. कैला देवी | IV. सिरोही |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-IV, b-III, c-I, d-II
(B) a-I, b-II, c-IV, d-III
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III
(D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**132. एक धातु के क्रिस्टल घनीय जालक के रूप में है। एकक कोष्ठिका का जालक नियतांक 2.88 $\overset{o}{A}$ है तथा धातु का घनत्व 7.20 $gm/cm^3$ है। 100 ग्राम धातु में एकक कोष्ठिकाओं की संख्या क्या है?**
(A) $5 \times 10^{28}$ (B) $2 \times 10^{21}$
(C) $3 \times 10^{25}$ (D) $6 \times 10^{23}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**133. चंद्रयान-3 मिशन को लांच (प्रक्षेपण) करने के लिए इसरो (ISRO) का संक्रयात्मक हैवी लिफ्ट लांच वाहन कौनसा है?**
(A) GSLV MK2 (B) GSLV MK3
(C) GSLV (D) LVM3-M4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**134. विज्ञान की वह शाखा जो मानव जाति के सुधार से संबंधित है और मेन्डल के नियमों पर आधारित है-**
(A) यूजेनिक्स
(B) सूक्ष्मजैविकी/माइक्रोबायलोजी
(C) आनुवंशिकी/जेनेटिक्स
(D) मानवविज्ञान/एंथ्रोपोलोजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**135. जब F1 पीढ़ी का किसी भी एक जनक से संकरण कराया जाता है तो ये कहलाता है-**
(A) प्रतीप संकरण (B) व्युत्क्रम संकरण
(C) द्विसंकर संकरण (D) परीक्षार्थ संकरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**136. Choose the most appropriate passive form of the given sentence:**
**People must not leave bicycles in the hall.**
(A) Bicycles must not be left in the hall.
(B) The bicycles are not to be left in the hall by the people.

(C) The hall must not have any bicycles of people.
(D) Nobody should leave bicycles in the hall.
(E) Question not attempted **[A]**

**137. Choose the most appropriate option to fill in the blanks:**
**It was ________ windy morning but they still hired _______ boat and went for _______ sail along _______ coast.**
(A) the, a, x, a (B) the, x, x, the
(C) a, a, a, the (D) a, x, a, the
(E) Question not attempted **[C]**

**138. Choose the most appropriate options to fill in the blanks:**
**________ my friends are busy tonight. _______ of them are writing an exam the next day, but ________ of them were still ready to party and so far ________ of them of them have confirmed.**
(A) most, none, all, some
(B) none, most, all, none
(C) All, most, some, none
(D) Some, some, some, all
(E) Question not attempted **[C]**

**139. 'दूसरों के उपकार को न मानने वाला' के लिए एक शब्द है-**
(A) कृतज्ञ (B) कृतार्थ
(C) कर्ता (D) कृतघ्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**140. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (मुहावरे) | सूची-II (अर्थ) |
|---|---|
| a. खून - पसीना एक करना | I. साहसिक कार्य करना |
| b. गाँठ बाँधना | II. कठिन परिश्रम करना |
| C. जान पर खेलना | III. खूब याद रखना |
| d. जहर उगलना | IV. अपमान जनक बात करना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV (B) a-III, b-I, c-II, d-IV
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV (D) a-I, b-IV, c-II, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**141. अजय ने 3%, 5% और 7% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज की तीन अलग-अलग योजनाओं में कुल ₹ 7,100 का निवेश किया। एक वर्ष के अंत में उसे तीनों योजनाओं में समान ब्याज मिला। 5% पर निवेश की गई धनराशि क्या है?**
(A) ₹ 2,500 (B) ₹ 2,100
(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 3,500
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**142.** $1028\sqrt{16}+512$ **का 25% – 75 का** $\frac{4}{5}$ **का मान है:-**
(A) 4,910 (B) 4,180
(C) 5,900 (D) 4,700
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**143. रेखाओं 2x + y = 4, x–y+1=0 एवं x-अक्ष से निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल है:**
(A) 3 वर्ग इकाई (B) 4 वर्ग इकाई
(C) 5 वर्ग इकाई (D) 2 वर्ग इकाई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**144. मानव में ओपिओइड्स हमारे ________ में मौजूद विशिष्ट ओपिओइड ग्रंथियों (रिसेप्टरस) से बंध जाते हैं।**
(A) जठरांत्र पथ
(B) श्वसन नली
(C) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र एवं जठरांत्र पथ दोनों
(D) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**145. राजस्थान में पाए जाने वाले सरीसृप सदस्य का चयन कीजिये**
(A) भारतीय गिरगिट (इंडियन कैमेलियन)
(B) जंगली सूअर (वाइल्ड बार)
(C) बुज़र्ड
(D) भारतीय सेही (इंडियन पोर्कुपिन)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**146. निम्नलिखित में सबसे अधिक तेजी से जैव-अपघटन किसमें होता है?**
(A) आम के छिल्के
(B) आम के गूदे
(C) आम की लकड़ी
(D) आम के बीज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**147. निम्नलिखित में से कौनसा अनुवादक उच्च स्तरीय भाषा को एक ही बार में लो लेवल भाषा में परिवर्तित कर देता है?**
(A) कंपाइलर
(B) इंटरप्रेटर
(C) कंट्रोलर (D) असेंबलर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**148. एच टी टी पी का पूर्ण रुप है ____________।**
(A) हायपर टेक्स्ट टेक्नीकल प्रोटोकॉल
(B) हायपर टेक्स्ट ट्रांसमिशन प्रोटोकॉल
(C) हायपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(D) हायर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**149. एशिया का सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन कार्यक्रम, 'विंग्स इंडिया 2024' कहाँ आयोजित किया गया था?**
(A) लखनऊ (B) मुंबई
(C) हैदराबाद (D) कोच्ची
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**150. तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट कौन है?**
(A) अवनि लेखरा (B) शीतल देवी
(C) कंचन लखानी (D) मोना अग्रवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी
जब करेंगे लक्ष्य के संग तैयारी

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# नि:शुल्क सेमिनार के साथ
# नए बैच प्रारंभ

सभी बैच की फीस में **₹5000** तक का डिस्काउंट

**06 NOVEMBER 2024 @10.00 AM**

- 2nd ग्रेड शिक्षक (GK | Maths, Science | Hindi, Sanskrit, English | S.St.)
- स्कूल व्याख्याता Paper - 1
- 3rd ग्रेड अध्यापक+REET Level-1, Level-2
- All in One ब्रह्मास्त्र बैच
- BSTC/PTET
- RAS
- PATWAR
- Lab Assistant
- VDO
- LDC
- CONSTABLE
- SUB INSPECTOR
- जेल प्रहरी
- वनपाल/वनरक्षक
- Tax Assistant
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

## लक्ष्य क्लासेस ऑफलाइन बैच की विशेषता :

- विख्यात विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन व मार्गदर्शन।
- श्रेष्ठ मैनेजमेंट एवं सपोर्ट टीम।
- 4K इंटरेक्टिव पैनल के माध्यम से अध्यापन।
- प्रत्येक विषय के अपडेटेड व अपग्रेडेड नोट्स।
- समय-समय पर टॉपिक/विषय और सम्पूर्ण कोर्स पर आधारित टेस्ट।
- विगत वर्षों के हल सहित प्रश्न-पत्रों से अभ्यास।
- परीक्षा से पूर्व ऑनलाइन रिवीजन कोर्स।
- कोर्स पूरा होने के बाद प्रैक्टिस हेतु परीक्षा तक नियमित ऑनलाइन टेस्ट्स।
- ऑफलाइन विद्यार्थियों को सूचनाएँ/सपोर्ट देने व फीडबैक लेने के लिए अलग से एप।

बैच में प्रवेश लेने वाले प्रथम 100 विद्यार्थियों को फ़ीस में विशेष डिस्काउंट दिया जाएगा

ये दिवाली खुशियों वाली, क्योंकि तैयारी होगी सिलेक्शन वाली

विद्यार्थियों की बेहद माँग पर आ गया है लक्ष्य क्लासेज एप का

## दिवाली महा धमाका

21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक

लक्ष्य क्लासेज एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर पाएँ

- Up to 90% Off
- FREE टेस्ट सीरीज़
- 6 माह की EXTRA VALIDITY

आज ही लक्ष्य क्लासेज एप डाउनलोड करें Google play | App Store

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज**™

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)
M. 6376957258, 6376491126